Regarding renovation and widening of Railway overbridge in Wardha City, Maharashtra-laid

श्री रामदास तडस (वर्धा): मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा महाराष्ट्र की ओर आकृष्ट करते हुए निवेदन करना चाहूँगा कि वर्धा शहर के बहुत ही भीड़ भाड़ इलाके में बजाज चौक है जिससे थोड़े आगे रेल उपरी पुल है जिससे पूरे शहर के लोगों का आना जाना लगा रहता है जो बहुत पुराने समय में बना था। इस पुल पर बहुत जाम लगा रहता है घन्टों तक लोग जाम में प्रति दिन फंसे रहते है इस पुल के चौड़ीकरण नहीं होने के कारण बहुत दिक्कत है। माननीय मंत्री जी के द्वारा उक्त बजाज पुल के नवीनीकरण एंव चौड़ीकरण के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की केंद्रीय मार्ग निधि योजना के अंतर्गत स्वीकृति दी गई। लोगों में इस कार्य के पूरे नहीं होने से काफी आक्रोश है एंव पुनः सड़क पर उतरने के लिए आतुर है।

मैं पुनः सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि उपरोक्त मांग जिस हेतु आपके द्वारा स्वीकृति देकर धन भी आवंटित कर दिया गया है, उसको जल्द से जल्द पूरा करा कर रेल ऊपरी पुल चालू करवाने का कष्ट करें।